# IIMA PRESS RELEASE 2014-15

### IIMA's PGPX empanelled in Government of India's ITEC Scholarship programme

IIMA, May 23, 2014:Indian Institute of Management Ahmedabad (IIMA)'s Post-Graduate Programme in Management for Executives (PGPX) has been empaneled in the Government of India (GoI)'s Indian Technical and Economic Cooperation' (ITEC) Scholarship Programme under which international candidates from 141 ITEC Partner Countries would be eligible for full scholarship from the Department of Programme Administration (DPA), Ministry of External Affairs (MEA), GoI. The ITEC programme was initiated in 1964 and has generated immense goodwill and substantive cooperation among the developing countries.

As per the details mentioned on the ITEC website, international students who qualify and are admitted to the scholarship programmes/courses (as per the concerned institution's admission process) would be eligible for a return air-fare, full programme fee, monthly subsistence allowance, a stationery allowance and allowance for traveling in India. However, the International Immersion Programme component of the PGPX is not sponsored for which the student may have to spend from own pocket or undertake any substitute credit at IIMA.

For candidates applying for the PGPX at IIMA, the candidate will have to first apply for the ITEC Scholarship through the Indian Embassy/Mission Office in his/her country. Simultaneously he/she will have to apply for the PGPX programme and get admitted by following IIMA's admission process.

Applications for the 10th batch starting April 2015 is currently on. Application window will close at 6:00 pm IST on 11th August 2014. (Early bird discount in application fees ends at 6:00 pm IST on 28th July 2014.) The 'Must Read' section on the PGPX's home page gives all information concerning IIMA, PGPX, Placements/Career Services, Application Criteria and Process, Admission Criteria and Process and Post-Admission related process.

**About IIMA:**

IIMA is India's premiere management Institute set up in 1961 through a 'Public-Private-Partnership' between the GoI, Government of Gujarat State, Philanthropic Industrialists of Ahmedabad, Harvard University and Ford Foundation. PGPX is a one year full time residential programme for executives with substantial work experience leading to a One Year Post-Graduate Diploma in Management for Executives. PGPX was launched in 2006.

# आईआईएमए प्रेस विज्ञप्ति 2014-15

**आईआईएमए के पीजीपीएक्स कार्यक्रम को भारत सरकार के आईटीईसी छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सूचीबद्ध किया गया**

आईआईएमए, 23 मई, 2014 : भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) के कार्यकारी अधिकारियों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) को भारत सरकार के भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सूचीबद्ध किया गया है जिसके अंतर्गत आईटीईसी साथी देशों से 141 अंतरराष्ट्रीय उम्मीदवार भारत सरकार के विदेश मंत्रालय (एमईए) के कार्यक्रम प्रशासन विभाग (डीपीए) से पूर्ण छात्रवृत्ति के पात्र बनेंगे। आईटीईसी कार्यक्रम की शुरूआत सन् 1964 में हुई थी और विकासशील देशों में इस कार्यक्रम ने अपार सद्भावना तथा पर्याप्त सहयोग सृजित किये हैं।

आईटीईसी वेबसाइट पर दर्शाये गये विवरणों के अनुसार, जिन अर्हताप्राप्त अंतरराष्ट्रीय छात्रों को इन छात्रवृत्ति कार्यक्रमों / कोर्स में प्रवेश दिया जाता है (संबंधित संस्थान की प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार) वे वापसीयोग्य विमान-किराया, पूर्ण कार्यक्रम शुल्क, मासिक निर्वाह भत्ते, लेखन-सामग्री भत्ते और भारत में यात्रा भत्ते के पात्र बन जाते हैं। फिर भी, पीजीपीएक्स के अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम रूपी हिस्से को प्रायोजित नहीं किया गया है जिसमें छात्रों को अपनी ज़ेब से पैसे निकालकर अथवा आईआईएमए में किसी भी विकल्प क्रेडिट पर कार्य करना होता है।

आईआईएमए में पीजीपीएक्स के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों के लिए यह स्पष्ट है कि उम्मीदवारों को सर्वप्रथम अपने निवासी देश में स्थित भारतीय दूतावास / मिशन कार्यालय के माध्यम से आईटीईसी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना होगा। साथ ही साथ उन्हें पीजीपीएक्स कार्यक्रम के लिए आवेदन देना होगा और आईआईएमए की प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार दाखिला लेना होगा।

इस समय अप्रैल, 2015 से शुरू हो रहे इसके 10वें बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। 11 अगस्त, 2014 को भारतीय मानक समय शाम 6:00 बजे आवेदन विन्डो बंद होगा। (28 जुलाई, 2014 को भारतीय मानक समय शाम 6:00 बजे आवेदन शुल्क में पहले आओ पहले पाओ का डिस्काउंट बंद हो जायेगा)। पीजीपीएक्स के होम पेइज पर 'अवश्य पढ़ें' अनुभाग में आईआईएमए, पीजीपीएक्स नियुक्ति / करियर सेवाएँ, आवेदन के मानदंड तथा प्रक्रिया, प्रवेश के मानदंड तथा प्रक्रिया और प्रवेशोत्तर संबंधी प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी दी गई हैं।

**आईआईएमए के बारे में :**

भारत सरकार, गुजरात राज्य सरकार, अहमदाबाद के लोकहितैषी उद्योगपतियों, हार्वर्ड विश्वविद्यालय और फ़ॉर्ड फ़ाउंडेशन के आपस में "सार्वजनिक-निजी-साझेदारी" के माध्यम से सन् 1961 में स्थापित आईआईएम-अहमदाबाद भारत का प्रमुख प्रबंधन संस्थान है। कार्यकारी अधिकारी को प्रबंधन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करने के साथ पर्याप्त कार्यानुभव वाले कार्यकारी अधिकारियों के लिए पीजीपीएक्स एकवर्षीय पूर्णकालीन आवासीय कार्यक्रम है। पीजीपीएक्स का प्रारंभ सन् 2006 में हुआ था।